# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, माननीय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर के अनुमोदनोपरांत जनपद न्यायालय हमीरपुर की सरकारी पुरानी स्टाफ कार **वाहन नं० यू०पी०–70 ए०जी० 0731 (होन्डा सिटी मॉडल–2010)** की नीलामी **दिनांक** 09.12.2025 को सायंकाल **4.30 बजे** जनपद न्यायालय, हमीरपुर स्थित सभागार में शर्तों के साथ संपादित होगी। उक्त वाहन (होन्डा सिटी) की नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक **09.12.2025** को समय 1.30 बजे तक उपस्थित होकर अपने–अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड प्रस्तुत कर निर्धारित जमानत धनराशि केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय हमीरपुर में जमा कर सकते है।

**वाहन की नीलामी हेतु शर्तें निम्नवत् हैं।**

1. सरकारी पुरानी स्टाफ कार वाहन सं० यू०पी०–70 ए०जी० 0731 (होन्डा सिटी) का नीलामी का न्यूनतम मूल्य मु० 2,38,950/– (मु०दो लाख अड़तीस हजार नौ सौ पचास रुपये) निर्धारित है।
2. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को जमानत धनराशि के रुप में मु० 10,000/– रुपये (मु०दस हजार रुपये मात्र) नगद **दिनांक 09.12.2025** को समय 1.30 बजे तक केन्द्रीय नजारत में जमा करने होंगे, जो नीलामी की कार्यवाही पूर्ण होने पर अधिकतम बोली वाले बोलीदाता को छोड़कर शेष सभी की वापस कर दी जाएगी।
3. जिस व्यक्ति की नीलामी बोली सबसे अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे संपूर्ण नीलामी धनराशि का 1/4 अग्रिम किस्त के रुप में तुरन्त जमा करना होगा, उसके द्वारा जो जमानत धनराशि जमा की गई थी उसे इस किस्त की धनराशि में समायोजित किया जायेगा।
4. नीलामी स्वीकृति होने की तिथि के 10 दिवस के अन्दर बोलीदाता को नीलामी की शेष 3/4 धनराशि नजारत अनुभाग में जमा करनी होगी।
5. नीलामी की संपूर्ण प्रक्रिया अथवा किसी भी बोली को बिना किसी कारण के अस्वीकृत करने का क्षेत्राधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय हमीरपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

स्टाफ कार से सम्बन्धित नीलामी प्रक्रिया की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

अध्यक्ष
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्रीमान् ओ०एस०डी०(कम्यूटर)मा०उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को मा०उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर नीलामी सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित प्रेषित।
2. जनपद न्यायालय, हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालय नगर पालिका, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय ए०आर०टी०ओ०(प्रशासन) हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
7. जनपद न्यायालय, बांदा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय, महोबा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
11. सिस्टम ऑफीसर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा०उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने हेतु।

अध्यक्ष 25-11-25
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।